>

Title: Need to establish AIIMS in Prayagaraj district, Uttar Pradesh.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): आदरणीय सभापति महोदया, जनपद प्रयागराज उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक आबादी वाला जनपद है। यहां कि आबादी 3178 गाँवों में स्थित है, जिसमें लगभग 70 लाख की आबादी है । यहाँ के निवासियों के इलाज हेतु उत्तम सुविधाओं से युक्त उच्च क्षमता वाला एम्स की तरह का कोई अस्पताल नहीं है। यहाँ के निवासियों के इलाज हेतु लखनऊ एवं दिल्ली जाना पड़ता है । प्रयागराज में आसपास के जनपदों के साथ ही मध्य प्रदेश के भी रोगी यहाँ इलाज के लिए आते हैं। इसलिए चिकित्सा के बुनियादी ढांचे का नवनिर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से मांग करती हूँ कि जनपद प्रयागराज में एक एम्स की स्थापना की जाए, जिससे जनपद प्रयागराज व बुंदेलखण्ड एवं पूर्वांचल के भी रोगियों को उच्च चिकित्सा सुविधा मिल सके।

माननीय सभापति: श्री सुशील कुमार सिंह …

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री मुकेश राजपूत **…**

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री जी.एस. बसवराज